दिन–रविवार दिनांक– 11/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विभाजनकारी तत्वों को परास्त करने के लिए हमें एकजुट रहने की ज़रूरत है। आज गुजरात में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का विरोध किया था वे अब भी भारत में सक्रिय हैं। श्री मोदी ने यह भी कहा कि ये ताक़तें भारत के ख़िलाफ़ साज़िश रच रही हैं और इसलिए देशवासियों को सतर्क रहना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंदिर के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वालों को महत्व नहीं दिया गया और कुछ राजनेताओं ने इसे धार्मिक उन्माद न मानकर महज लूट बताने का प्रयास किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लूट के पीछे छिपी घृणा और क्रूरता का इतिहास देशवासियों से छिपाया गया और तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने चरमपंथी तत्वों के आगे समर्पण कर दिया था।

———————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ में महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया था। उन्होंने कहा कि आज एक हजार वर्ष बाद भी सोमनाथ मंदिर उस पुराने स्वरूप से बेहतर स्वरूप में खड़ा है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री सरावगी ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का दिन है और पूरे देश में लोग मंदिर, शिवालयों में दीप जला रहे हैं।

———————————————————————————

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय डाक की दो नई सेवाओं– स्पीड पोस्ट 24 और स्पीड पोस्ट 48 की घोषणा की है। ये सेवाएं चौबीस और अड़तालीस घंटे में डाक और दस्तावेजों को सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। श्री सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगी।

—————————————————————————————

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सर्द पछुआ हवा के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर के सबौर में सबसे कम न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम दृश्यता तीस मीटर भागलपुर में रिकॉर्ड किया गया। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दरभंगा और वाल्मीकी नगर में अत्यधिक शीत दिवस और अररिया, मोतीहारी, नालंदा, वैशाली तथा मुंगेर में शीत दिवस की स्थिति बनी रही। विभाग ने चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। विभाग ने सोलह जनवरी तक राज्य के उत्तर और दक्षिण–पश्चिम भाग के कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है।

—————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक धरोहर गोलघर परिसर का सौंदर्यीकरण एवं इसके रखरखाव को बेहतर ढंग से कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री ने आज गोलघर परिसर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से गोलघर परिसर में लाइट एंड साउंड और लेजर शो को नियमित रूप से शुरू कराने को कहा। उल्लेखनीय है कि गोलघर वर्तमान मे संरक्षण कार्य और मरम्मत के कारण पर्यटकों और आम लोगों के लिए अस्थाई रूप से बंद है। निरीक्षण के दौरान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और जिलाधिकारी त्यागराजन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

—————————————————————————————

उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर नई दिल्ली में पुष्पांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में उप राष्ट्रपति ने कहा कि स्वर्गीय शास्त्री दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने अपनी सरलता, सत्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की मिसाल पेश की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था जो कई पीढियों से देश के सैनिकों और किसानों के प्रति गहरे सम्मान का प्रतीक बना हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

समाप्त